उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत अब तक सम्पन्न अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरान्त महिलाओं की कुल रिक्तियों की संख्या के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न हो पाने के कारण लिखित परीक्षा में सफल शेष महिला अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर अतिरिक्त महिला अभ्यर्थियों को अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही के सम्बन्ध में।

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(140)/2018 दिनांकः जनवरी 27 ,2019

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत अब तक सम्पन्न अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरान्त महिलाओं की कुल रिक्तियों की संख्या के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न हो पाने के कारण लिखित परीक्षा में सफल शेष महिला अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर अतिरिक्त महिला अभ्यर्थियों को अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही में सम्मिलित किया जाना है।

2– उक्त के अतिरिक्त दिनांक 20–01–2019 एवं 21–01–2019 को जनपद लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ एवं कानपुर नगर के परीक्षण केन्द्रों पर सम्पन्न डीवी/पीएसटी में किसी कारण से अनुपस्थित हो गयीं महिला अभ्यर्थियों को एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हुये अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है।

3– उक्त महिला अभ्यर्थियों की **डीवी/पीएसटी की कार्यवाही दिनांक 30–01–2019 एवं 31–01–2019** को जनपद आगरा, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं मीरजापुर के परीक्षण केन्द्रों पर सम्पादित किया जाना प्रस्तावित है।

4– उक्त डीवी/पीएसटी में मेरिट के आधार पर नये अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 28–01–2019 से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रवेश–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र तथा डीवी/पीएसटी हेतु आवश्यक समस्त अभिलेखों की मूलप्रति एवं प्रमाणित छाया प्रति के साथ प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षण केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगी।

5– दिनांक 20–01–2019 एवं 21–01–2019 को जनपद लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ एवं कानपुर नगर के परीक्षण केन्द्रों पर सम्पन्न डीवी/पीएसटी में किसी कारण से अनुपस्थित हो गयीं महिला अभ्यर्थी अपना पूर्व में डीवी/पीएसटी हेतु निर्गत प्रवेश–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र तथा डीवी/पीएसटी हेतु आवश्यक समस्त अभिलेखों की मूलप्रति एवं प्रमाणित छाया प्रति के साथ प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षण केन्द्र पर उक्त निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगी।

6– दिनांक 30–01–2019 एवं 31–01–2019 की डीवी/पीएसटी में सफल एवं दिनांक 21–01–2019 एवं 22–01–2019 को सम्पन्न हुई तृतीय चरण की पीईटी (दौड़) में किसी कारणवश अनुपस्थित समस्त महिला अभ्यर्थियों को एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हुये पीईटी (दौड़) दिनांक **01–02–2019 एवं 02–02–2019 को 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ** एवं **छठी वाहिनी पीएसी, मेरठ** के परीक्षा केन्द्रों पर कराया जाना प्रस्तावित है।

7– सम्बन्धित अभ्यर्थियो से अपेक्षा की जाती है कि वह नियमित रूप से बोर्ड की वेबसाइट एवं अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर उपरोक्त सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले एस.एम.एस. अवलोकित करते हुये निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुँच कर प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

27/1/19

अपर सचिव, भर्ती

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

लखनऊ।